
# यूरोप के कई देशों की धरती बनी आग की भट्टी

- दुनिया 12 देशों रेड अलर्ट, 1300 लोगों की मौत
- रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें




**मॉकर्न, 29 जून. यूरोप और अमेरिका के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है. लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन के साथ-साथ बुनियादी ढांचे पर भी असर डाला है. हीटवेव के कारण अब तक 1300 लोगों की मौत हो गई है.**

कई देशों में रिकॉर्ड स्तर का तापमान दर्ज किया गया है और प्रशासन लोगों को अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए लगातार सतर्क रहने की सलाह दे रहा है. रिपोर्टों के अनुसार, जर्मनी, डेनमार्क और चेक गणराज्य सहित यूरोप के कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया. जर्मनी के मॉकर्न-ड्रूविट्ज क्षेत्र में तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है. अत्यधिक गर्मी के कारण कई शहरों में सार्वजनिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है. इसी के चलते दुनिया 12 देशों में रेड अलर्ट जारी किया गया है.

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में भीषण गर्मी के बीच पुलिस ने कुछ स्थानों पर लोगों को राहत पहुंचाने के लिए वाटर कैनन के माध्यम से पानी की बौछार की. वहीं, नीदरलैंड और जर्मनी के कुछ हिस्सों में अत्यधिक तापमान का असर सड़कों और रेल ढांचे पर भी देखने को मिला. गर्मी के कारण कहीं सड़कें प्रभावित हुईं तो कहीं रेल पटरियों पर तापीय दबाव की स्थिति बनी. अमेरिका के फीनिक्स शहर में भी अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की गई है.

> विशेषज्ञ रंजन प्रकाश के अनुसार, वर्तमान मौसम की स्थिति पर ओमेगा ब्लॉक नामक वायुमंडलीय पैटर्न का भी प्रभाव माना जा रहा है, जिसमें गर्म हवा का क्षेत्र लंबे समय तक एक ही इलाके में बना रहता है. पिछले 8 से 10 साल से ऐसे ही तापमान की बढ़ोत्तरी हो रही है. वहीं, वैज्ञानिकों का कहना है कि लगातार बढ़ रही चरम मौसमी घटनाएं जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों की ओर संकेत करती हैं.



## विश्व को पूर्णता प्रदान करना हमारा कार्य है : मोहन भागवत

**बेंगलुरु, 28 जून. भारतीय शिक्षण मण्डल की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रान्त टोली बैठक का आज आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक समापन हुआ.**

बैठक में देश के 43 प्रान्तों से आए लगभग 380 प्रतिनिधियों—कुलपति, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, नीति-निर्माता, शिक्षक एवं कार्यकर्ताओं—ने सहभागिता की. समापन सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी रहे. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य जी, भारतीय शिक्षण मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानन्द जोशी जी, अखिल भारतीय महामंत्री डॉ. भरत शरण जी, अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी.आर. शंकरानन्द जी सहित अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं देशभर से आए प्रान्त प्रतिनिधि उपस्थित रहे. बैठक का वृत्त तथा तीन दिवसीय चिंतन-मंथन के प्रमुख निष्कर्ष भारतीय शिक्षण मण्डल के अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री सुनील शर्मा जी ने प्रस्तुत किए.

### विश्व को सही बोध देने वाली शिक्षा का निर्माण करें

अपने मार्गदर्शन में प.पू. सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि आज विश्व अनेक संकटों और जटिल प्रश्नों से जूझ रहा है. वर्तमान वैश्विक विचारधाराएँ और व्यवस्थाएँ जीवन को आंशिक रूप से देखती हैं, जबकि भारत की दृष्टि जीवन, समाज, प्रकृति और समस्त सृष्टि को एकात्म रूप में समझती है. उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा का उद्देश्य किसी पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि धर्म, संतुलन और समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है. उन्होंने कहा, विश्व को पूर्णता प्रदान करना हमारा कार्य है। यह कार्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था के निर्माण का प्रयास है जो मनुष्य के समग्र विकास को केंद्र में रखती है तथा केवल आजीविका या आर्थिक सफलता तक सीमित नहीं रहती.

## एक नजर में

### सुरक्षा बलों ने मणिपुर में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

**इंफाल, 29 जून.** मणिपुर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर सफल अभियान चलाते हुए राज्य भर में अलग-अलग विद्रोही संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इस अभियान में भारी मात्रा में हथियार , गोला-बारूद और हेरोइन भी बरामद की है. पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एक अभियान में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग जगहों से दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया. एक अन्य अभियान में, सुरक्षा बलों ने थौबल ज़िले के खोंगजोम पुलिस स्टेशन के तहत खोंगजोम इलाके से एक उग्रवादी संगठन के स्वयंभू कैप्टन बताने वाले व्यक्ति को गिरफ़्तार किया. अभियान के दौरान, उसके पास से मैगज़ीन के साथ एक नौ एमएम पिस्तौल, 97 ज़िंदा कारतूस और बिना रजिस्ट्रेशन वाली टोयोटा फॉर्च्यूनर ज़ब्त की गयी.

### पुलिस ने दो वांछित अपराधियों को दबोचा

**नई दिल्ली, 29 जून.** राष्ट्रीय राजधानी की नजफगढ़ थाना पुलिस ने द्वारका जिले में एक अभियान चलाकर दो वांछित अपराधियों रोहित लांबा उर्फ अमित उर्फ मोहित और रितिक ठाकुर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने सोमवार को बताया कि छिपाकर रखे गए हथियार को ले जाने के दौरान हुई कथित मुठभेड़ में रोहित लांबा के पैर में गोली लगी है. उसके पास से एक अवैध पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा कारतूस और तीन खाली कारतूस बरामद किए गए हैं. द्वारका के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई जिले के नो गन्स, नो गैंग्स अभियान का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य अवैध हथियारों और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसना है.

## निर्माणाधीन इमारत गिरने से 3 की मौत

**जयपुर, 29 जून.** राजस्थान के जयपुर में बड़ा हादसा हो गया है. आमेर इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूरों की मलबे में फंसे होने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन, पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और फिलहाल बचाव दल की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर पहुंची हैं. कलेक्टर संदेश नायक ने तीन मजदूरों की मौत की पुष्टि की है. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जयपुर के ताला मोड़ इलाके में नाले की खुदाई का काम चल रहा है.


## ग्रामीण विकास पर शिवराज का बड़ा रोडमैप

### 29 राज्यों के मंत्रियों का और वरिष्ठ अधिकारी एक साथ जुटे

**नई दिल्ली, 29 जून 2026, नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' के दूसरे दिन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर से आए 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ व्यापक मंथन किया.**

सम्मेलन में न केवल योजनाओं की समीक्षा हुई, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 'विकसित ग्राम-विकसित भारत' के विजन को जमीन पर उतारने के लिए ठोस रणनीतियाँ भी सामने आईं. इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गाँव केवल धूल-मिट्टी या चौपाल का नाम नहीं, गाँव भारत की शक्ति, भारत की चेतना और भारत की आत्मा हैं. उन्होंने कहा कि अगर हमें समृद्ध और विकसित भारत बनाना है तो गाँव को समृद्ध और विकसित बनाए बिना काम नहीं चलेगा, गाँव की प्रगति के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है.

पहली बार एक मंच पर देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और नीति-निर्माता एक साथ जुटे.



## महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक : बिहार का निकला कथित मास्टरमाइंड

**समस्तीपुर/मुंबई, 29 जून.** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के कथित पेपर लीक मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे अंतरराज्यीय नेटवर्क की परतें खुल रही हैं. इस मामले में बिहार का कनेक्शन सामने आने के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने बिहार सहित दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है. पुलिस कथित मास्टरमाइंड विजेंद्र गुप्ता की तलाश में जुटी है, जिसे इस पूरे नेटवर्क का प्रमुख बताया जा रहा है. भिवंडी पुलिस के अनुसार, 27 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रश्नपत्र का सौदा करीब डेढ़ करोड़ रुपये में किया जाने वाला है.

## चम्पावत को विकास और स्वास्थ्य की बड़ी सौगात

**चम्पावत, 29 जून. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चम्पावत को विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी सौगात देते हुए 164 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया.**

मुख्यमंत्री ने 123.79 करोड़ रुपये की 17 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के साथ ही करीब छह करोड़ की लागत से स्थापित अत्याधुनिक एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि चम्पावत को उत्तराखंड का मॉडल जिला बनाना उनका संकल्प है और राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री ने 27.79 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई आठ विकास योजनाओं का लोकार्पण तथा 96 करोड़ रुपये की लागत से नौ नई योजनाओं का शिलान्यास किया. इस दौरान लगभग 3.50 करोड़ रुपये की लागत से विकसित जिम कॉर्बेट ट्रेल का उद्घाटन तथा रोडवेज बस स्टेशन परिसर में बनने वाले आधुनिक सिटी सेंटर का भूमि पूजन भी किया. उन्होंने कहा कि लगभग 62.33 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला बहुमंजिला पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नगर की पार्किंग समस्या का समाधान करेगा और स्थानीय व्यापार को नई गति देगा।

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1294 | स्विट्जरलैंड के बर्ने प्रांत से यहूदियों को बाहर निकाला गया. |
| 1855 | बंगाल के भोगनादिघी में सशस्त्र संथालों ने विद्रोह का बिगुल फूंक दिया. |
| 1868 | क्रिस्टोफर श्लेस ने टाइपराइटर के लिए पेटेंट अधिकार हासिल किया. |
| 1870 | अदा केपले अमेरिका में लॉ कॉलेज से ग्रेजुएट करने वाली पहली महिला बनीं. |
| 1876 | सर्बिया ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की. |
| 1888 | फ्रेडरिक डगलस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकित होने वाले पहले अफ्रीकी-अमेरिकी बने. |
| 1894 | सोलबॉन पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना हुई. |

## 10 दिन में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**रांची, 29 जून.** पलामू जिले के पड़वा प्रखंड के सिक्का गांव में अज्ञात बीमारी से कोहराम मचा हुआ है. रविवार की मध्य रात्रि के बाद मृतक कुलदीप महतो के रांची स्थित रिम्स में इलाजरत बेटे नकुल महतो उम्र करीब 20 वर्ष की भी मौत हो गई. परिवार में पांचवीं मौत है.

मालूम हो कि शनिवार की देर रात रांची रिम्स में इलाजरत पुत्रवधू श्वेता देवी उम्र करीब 28 वर्ष की मौत हो गई थी. इस रहस्यमयी बीमारी से पीड़ित एक ही परिवार में यह पांचवीं मौत है. अधिकारियों ने परिवार के बाकी एक सदस्य मृतक कुलदीप महतो की पत्नी लाखो उर्फ लाखी देवी रांची रिम्स में इलाज चल रहा है.



### देवस्नान पूर्णिमा

देवस्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के दिव्य स्नान अनुष्ठान ने भक्ति, श्रद्धा और सनातन परंपरा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया.

## खरगे सहित आठ ने ली राज्यसभा की सदस्यता

**नई दिल्ली, 29 जून. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित राज्यसभा के नवनिर्वाचित आठ सदस्यों को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ दिलाया.**

राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री राधाकृष्णन ने संसद भवन में आयोजित एक सादे समारोह में जिन सदस्यों को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलायी उनमें कर्नाटक से निर्वाचित हुए श्री खरगे, गुजरात से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के तौर पर निर्वाचित हुए जीतेन्द्र मेघजीभाई कंजारिया और मानसिंह मेरामन परमार, कर्नाटक से भाजपा के श्री एम. नागराजा, मध्य प्रदेश से भाजपा के तरूण चुघ, महाराष्ट्र से निर्वाचित हुए राष्ट्रवाद कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राजेंद्र हीरालाल जैन, मणिपुर से भाजपा की अधिकारीमायुम शारदा देवी ऊर्फ मैमोम शारदा देवी और राजस्थान से भाजपा की डॉ. अलका सिंह शामिल हैं. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, किरेन रिजिजू और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे.



## बंगाल में 2 जुलाई को यूसीसी ड्राफ्ट होगा पेश

**कोलकाता, 29 जून.** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी के गठन का ऐलान किया है, जिसकी अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई होंगी. यह बिल 2 जुलाई को कैबिनेट के सामने पेश होगा, जिसमें आदिवासी दायरे से बाहर रहेंगे. भाजपा ने यूसीसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, जबकि विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं. शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को विधानसभा में ऐलान किया कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई पश्चिम बंगाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट बनाने वाली कमेटी की हेड होंगी.

## हस्तियों के ट्वीट



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल ही मैं सोशल एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए यूजेनिया रोसेला खिलाफ घटिया और अमानवीय कमेंट्स करने वालों पर अपना आक्रोश व्यक्त किया है, उन्होंने एक्स के पोस्ट में लिखा कि यूजेनिया रोसेला के खिलाफ इन घंटों में किए जा रहे घटिया और अमानवीय कमेंट्स को पढ़कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं.

टेस्ला के वर्तमान सीईओ एलन मस्क ने हाल ही मैं सोशल एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए एक विशेष जानकारी साझा करते हुए लिखा कि असली और ज़बरदस्त फ़ायदा लगभग 3 महीने में तब होगा, जब पूरी ट्रेनिंग और इन्फरेंस स्टैक को सी /सी ++ में लिखा जाएगा और उसे काफ़ी आसान बना दिया जाएगा.



## 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के दोषी को फांसी की सजा


**पुणे, 29 जून. महाराष्ट्र के पुणे जिले में तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में विशेष फास्ट ट्रैक अदालत ने 65 वर्षीय दोषी भीमराव कांबले को मृत्युदंड की सजा सुनाई है.**

अदालत ने इस अपराध को रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी में रखते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य अत्यंत क्रूर, अमानवीय और बर्बर था. वारदात के लगभग 60 दिन बाद सुनाए गए इस फैसले में अदालत ने कहा कि दोषी के सुधरने की कोई संभावना दिखाई नहीं देती। विशेष न्यायाधीश एस. आर. सालुंखे ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता एक मासूम और असहाय बच्ची थी तथा उसके साथ अत्यंत अमानवीय व्यवहार किया गया।

## भरत तिवारी एनकाउंटर पर पूर्व डीजीपी के सवाल

**पटना, 29 जून. भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में लगातार पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं. बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद ने भी इस एनकाउंटर पर गंभीर सवाल उठाए हैं.**

उनका कहना है जब एनकाउंटर हुआ तब मौके पर जगदीशपुर के एसडीएम भी मौजूद थे. लेकिन उनका वहां होना हैरानी भरा है. क्योंकि इस तरह की कार्रवाई में एसडीएम का कोई काम नहीं होता है. पूर्व डीजीपी का कहना है कि भरत तिवारी के शरीर में कितनी गोली लगी यह कम महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देखना जरूरी है कि फायरिंग कितनी दूरी से हुई है. इन सब बातों की निष्पक्षता के साथ जांच होनी चाहिए. पूर्व डीजीपी ने कहा कि एसडीएम का क्राइम या रेड से कोई संबंध नहीं होता है.



एसडीएम रेड में क्यों थे : पूर्व डीजीपी

**वीरता पदक** | राष्ट्रपति ने बहादुर जवानों को किया सम्मानित, रंजीत सिंह को अति विशिष्ट सेवा मेडल

## राष्ट्रपति भवन में सजा वीरता का सम्मान

**नई दिल्ली, 29 जून. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित डिफेंस इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2026 में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वीरता पदक विजेताओं को सम्मानित किया।**

इस गरिमामय समारोह में उन अधिकारियों और जवानों को अलंकरण प्रदान किए गए, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी अभियानों और मानवीय मिशनों में असाधारण साहस, नेतृत्व और समर्पण का परिचय दिया।

समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल रंजीत सिंह को उनकी उत्कृष्ट और विशिष्ट सेवाओं के लिए अति विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया. यह सम्मान रक्षा सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को दिया जाता है. राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए गए वीरता पुरस्कार जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत और देश की सीमाओं पर आतंकवाद, उग्रवाद तथा दुश्मन की गतिविधियों के खिलाफ चलाए गए अभियानों में बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक हैं.



> इसके अलावा हवाई अभियानों, समुद्री सुरक्षा अभियानों और आपदा एवं मानवीय राहत कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों और जवानों को भी सम्मानित किया गया. यह समारोह भारतीय सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों के शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है. वीरता पदक न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों का सम्मान हैं.

## सरकार चंदा चोरों को बचा रही : केजरीवाल

**नई दिल्ली , 29 जून. अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स पोस्ट में बार एसोसिएशन के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही दावा किया था कि सरकार कथित 'चंदा चोरों' के साथ खड़ी है.**

उन्होंने आरोप लगाया कि कई कथित 'चंदा चोर' सरकार का हिस्सा हैं और उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है.केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा कि अब केवल कानूनी कार्रवाई की बात पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे देश को ऐसे लोगों और उनके सहयोगियों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए. उनके अनुसार, समाज को भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितताओं के खिलाफ एकजुट होकर सख्त संदेश देना चाहिए. केजरीवाल ने अपने पोस्ट में किसी व्यक्ति या संस्था का नाम नहीं लिया और न ही अपने आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य साझा किया.



चंदा चोरों पर केजरीवाल का हमला